अनुदान मांग 2025-26 का विश्लेषण

ग्रामीण विकास

ग्रामीण विकास मंत्रालय का लक्ष्य ग्रामीण भारत में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है और यह देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश विकास और कल्याणकारी गतिविधियों के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।[1] मंत्रालय में दो विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और भूमि संसाधन विभाग हैं। ग्रामीण विकास विभाग का उद्देश्य आजीविका के अवसरों को बढ़ाना, कमजोर वर्गों को सामाजिक सहायता प्रदान करना और ग्रामीण विकास के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना है।[1] भूमि संसाधन विभाग का उद्देश्य वर्षा सिंचित खेती योग्य और बंजर भूमि का सतत विकास सुनिश्चित करना और देश में भूमि संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करना है।[2]

इस नोट में 2025-26 के लिए मंत्रालय के प्रस्तावित व्यय और पिछले वर्षों में बजट के रुझानों को स्पष्ट किया गया है। इसमें क्षेत्र के व्यापक रुझानों और कार्यक्रमों को लागू करने में मंत्रालय के सामने आने वाली चुनौतियों का भी विश्लेषण किया गया है।

वित्तीय स्थिति

2025-26 में आवंटन

2025-26 में ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1,90,406 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।[3,4] ग्रामीण विकास विभाग को 1,87,755 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 8% अधिक है।[3] भूमि संसाधन विभाग को 2,651 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 35% अधिक है।[4]

तालिका 1: ग्रामीण विकास मंत्रालय का बजटीय आवंटन (करोड़ रुपए में)

विभाग	23-24 वास्तविक	24-25 संअ	25-26 बअ	% परिवर्तन*
ग्रामीण विकास	1,61,932	1,73,912	1,87,755	8%
भूसंसाधन	1,711	1,966	2,651	35%
कुल	**1,63,643**	**1,75,878**	**1,90,406**	**8%**

नोट: बअ बजट अनुमान और संअ संशोधित अनुमान है।
*% परिवर्तन 2024-25 संअ की तुलना में 2025-26 बअ में परिवर्तन है।
स्रोत: ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगें 2025-26; पीआरएस।

बजट भाषण की मुख्य घोषणाएं (2025-26)[5]

- कौशल, प्रौद्योगिकी और निवेश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में अवसर पैदा करने के लिए एक रूरल प्रॉस्पैरिटी एंड रेज़िलियंस प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम महिलाओं, युवाओं, किसानों और भूमिहीन परिवारों पर केंद्रित होगा।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसएचजी सदस्यों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्रेडिट स्कोर फ्रेमवर्क विकसित करेंगे।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति

2021 तक भारत की 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47% लोग आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं।[6] 2024-25 में कृषि क्षेत्र में 3.8% की वृद्धि का अनुमान है जो पिछले वित्तीय वर्ष की विकास दर (1.4%) से अधिक है।[7] हालांकि कृषि समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में लगातार धीमी गति से बढ़ी है। 2001-02 के बाद से कृषि उत्पादन 3% की औसत वार्षिक दर से बढ़ा है, जबकि शेष अर्थव्यवस्था 7% प्रति वर्ष की दर से बढ़ी है।[8,9] इसके परिणामस्वरूप इस अवधि में कृषि उत्पादन दोगुना हो गया जबकि अर्थव्यवस्था का शेष हिस्सा 4.6 गुना बढ़ गया।

अत्रि प्रसाद राउत
atri@prsindia.org

4 फरवरी, 2025

रेखाचित्र 1: कृषि में वृद्धि समग्र आर्थिक वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर) से कम



नोट: पहला अग्रिम अनुमान 2024-25 के लिए उपयोग किया गया है; कृषि में कृषि, वानिकी और फिशिंग शामिल है। स्रोत: सांख्यिकीय परिशिष्ट, आर्थिक सर्वेक्षण, एमओएसपीआई; पीआरएस।

जनवरी और दिसंबर 2024 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में औसत खुदरा मुद्रास्फीति (5.4%) शहरी क्षेत्रों (4.4%) की तुलना में अधिक थी।[10] उच्च मुद्रास्फीति मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण थी। आर्थिक सर्वेक्षण (2023-24) में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र मौसम की चरम घटनाओं, असमान वर्षा और निम्न जल स्तर से प्रभावित हुआ है।[11] इसके परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई। सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया था कि अच्छे दक्षिण-पश्चिम मानसून से कृषि उत्पादकता में सुधार और ग्रामीण मांग के पुनर्जीवित होने की उम्मीद है।[11] मुद्रास्फीति ने खपत को भी प्रभावित किया है। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (2023-24) के अनुसार, ग्रामीण औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) में मौजूदा कीमतों पर 9% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जबकि मुद्रास्फीति समायोजित वृद्धि 4% थी।[12]

रेखाचित्र 2: ग्रामीण औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय



स्रोत: घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (2023-24), एमओएसपीआई; पीआरएस।

घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (2023-24) में उपभोग व्यय में व्यापक असमानता भी दर्ज की गई। शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति औसत मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 71% अधिक था।[12] ग्रामीण आबादी के शीर्ष 5% (10,137 रुपए) हिस्से का औसत मासिक व्यय आबादी के निचले 5% (1,667 रुपए) हिस्से का लगभग छह गुना था।

अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण (2024) के अनुसार, 2016 और 2021 के बीच बकाया ऋण वाले ग्रामीण परिवारों का अनुपात बढ़ गया है।[13,14]

तालिका 2: 52% ग्रामीण परिवारों पर कर्ज

परिवार	बकाया कर्ज वाले परिवारों का %	
	2016	2021
कृषि	52%	55%
गैर कृषि	43%	48%
कुल	**47%**	**52%**

स्रोत: अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण, नाबार्ड; पीआरएस।

कुछ बकाया ऋण वाले परिवारों में 2021 में कृषि परिवारों पर औसत ऋण 91,231 रुपए था, जबकि गैर-कृषि परिवारों पर औसत ऋण 89,074 रुपए था।[14] रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है, एक चौथाई परिवार (25%) अभी भी दोस्तों और रिश्तेदारों, जमींदारों और साहूकारों जैसे गैर-संस्थागत स्रोतों से ऋण लेते हैं।[14]

तालिका 3: 25% ग्रामीण परिवारों ने गैर-संस्थागत स्रोतों से ऋण लिया (2021-22)

स्रोत	कृषि परिवार	गैर कृषि परिवार	कुल परिवार
संस्थागत	76%	73%	74%
गैर संस्थागत	23%	26%	25%
दोनों	1%	1%	1%
कुल	**100%**	**100%**	**100%**

स्रोत: अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण, नाबार्ड; पीआरएस।

ग्रामीण क्षेत्रों में 2017-18 और 2023-24 के बीच 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए महिला श्रम बल भागीदारी दर (एफएलएफपीआर) 25% से बढ़कर 48% हो गई है।[15] एफएलएफपीआर उन महिलाओं का प्रतिशत दर्शाता है जो या तो कामकाजी हैं या काम की तलाश में हैं। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि ज्यादातर स्वरोजगार के माध्यम से हुई है।[15] महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर 2017-18 में 4% से घटकर 2023-24 में 2% हो गई है, जबकि पुरुषों के लिए बेरोजगारी दर 2017-18 में 6% से घटकर 2023-24 में 3% हो गई है।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट (2024) में ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं की औसत आय में अंतर दर्ज किया गया है।[16]

तालिका 4: ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष और महिला श्रमिकों की औसत मासिक आय (रुपए में)

प्रकार	पुरुष	महिला	अंतर
स्वरोजगार प्राप्त	11,397	4,814	6,583
नियमित वैतनिक	16,319	10,567	5,752
आकस्मिक	8,831	5,451	3,380

नोट: आंकड़े 2022 के हैं; स्वरोजगार में अवैतनिक पारिवारिक श्रमिक शामिल हैं और आकस्मिक में दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले श्रमिक शामिल हैं। स्रोत: भारत रोजगार रिपोर्ट 2024, आईएलओ; पीआरएस।

ग्रामीण विकास विभाग

वित्तीय स्थिति

ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने, कनेक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक विकास को सहयोग देने और गरीबों एवं कमजोर लोगों के लिए आजीविका और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम लागू करता है।[17] विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) शामिल हैं।

2025-26 में विभाग को 1,87,755 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। 2014-15 और 2025-26 के बीच विभाग को बजटीय आवंटन औसतन 12% की वार्षिक दर से बढ़ा है। 2020-21 और 2022-23 के बीच महामारी के दौरान अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभाग को आवंटन में काफी बढ़ोतरी की गई थी। यह आवंटन मनरेगा और कल्याणकारी योजनाओं के लिए था, जैसे कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण।[18]

रेखाचित्र 3: 2014-15 और 2025-26 के बीच व्यय (करोड़ रुपए में)



नोट: BE बजट अनुमान है; 2024-25 के लिए संशोधित अनुमान वास्तविक के रूप में उपयोग किया गया है। स्रोत: विभिन्न वर्षों के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगें; पीआरएस।

2018-19 को छोड़कर 2015-16 और 2023-24 के बीच विभाग का वास्तविक व्यय बजट अनुमान से अधिक था। 2024-25 में विभाग का संशोधित व्यय बजट अनुमान से 2% कम रहने की उम्मीद है। इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत धनराशि का कम उपयोग होना है। 2020-21 और 2022-23 के बीच वास्तविक व्यय बजट अनुमान से अधिक था, मुख्य रूप से मनरेगा पर व्यय के कारण। मनरेगा एक मांग-आधारित योजना है, जिसमें कोविड-19 महामारी के कारण काम की अधिक मांग देखी गई।

विभाग के तहत प्रमुख योजनाएं

2024-25 में विभाग को कुल आवंटन में मनरेगा (46%) और पीएमएवाई-जी (29%) का हिस्सा बजटीय आवंटन में 75% है। इसके बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और पीएमजीएसवाई (जिनमें से प्रत्येक विभाग के आवंटन का 10% हिस्सा है) और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (5%) का स्थान आता है।

रेखाचित्र 4: व्यय की मुख्य मदें (कुल आवंटन के % के रूप में)



नोट: सकल व्यय पर % की गणना की गई है। स्रोत: ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांग, 2025-26; पीआरएस।

2025-26 में मनरेगा का आवंटन 2024-25 के संशोधित अनुमान के समान ही रहा है।

तालिका 5: प्रमुख योजनाओं के लिए आवंटन (करोड़ रुपए में)

योजना	2023-24 वास्तविक	2024-25 संअ	2025-26 बअ	% परिवर्तन
मनरेगा	89,154	86,000	86,000	0%
पीएमएवाई-जी	21,770	32,426	54,832	69%
एनआरएलएम	13,934	15,047	19,005	26%
पीएमजीएसवाई	15,380	14,500	19,000	31%
एनएसएपी	9,476	9,652	9,652	0%
सीएसएस	166	179	153	-14%

नोट: 2024-25 संअ से 2025-26 बअ तक % परिवर्तन; केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के लिए सीएसएस में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान के लिए आवंटन शामिल है। स्रोत: ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांग; पीआरएस।

प्रमुख मुद्दे और विश्लेषण

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट, 2005 ग्रामीण परिवारों के वयस्कों के लिए एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के गारंटीकृत रोजगार का प्रावधान करता है।[19] यह कानून महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से पूरे देश में लागू किया गया है।[20] कार्यक्रम का उद्देश्य अकुशल शारीरिक कार्य के प्रावधान के माध्यम से ग्रामीण आजीविका में मदद करना है। यह योजना 100% शहरी आबादी वाले जिलों को छोड़कर सभी जिलों में लागू है। योजना के माध्यम से काम की मांग करने वाले व्यक्ति को अगर 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया जाता, तो वह दैनिक बेरोजगारी भत्ते का हकदार है। योजना के तहत परियोजनाओं में सिंचाई के लिए नहरों की खुदाई, आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण, वृक्षारोपण अभियान, जलापूर्ति और स्वच्छता से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। (अनुलग्नक में तालिका 18 देखें।)

2025-26 के लिए इस योजना को 2024-25 के संशोधित अनुमान के समान 86,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। चूंकि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में काम की मांग के अनुसार व्यय बढ़ता और घटता है। 2020-21 में इसमें 55% का उछाल आया क्योंकि कोविड-19 के दौरान लोग अपने-अपने गांव गए और उस दौरान काम की मांग बढ़ गई।[21] 15वें वित्त आयोग ने यह भी कहा था कि महामारी के दौरान कुल मांग में मंदी ने प्राथमिक क्षेत्र को प्रभावित किया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर रूप से असर पड़ा।[22]

रेखाचित्र 5: मनरेगा के लिए आवंटन (करोड़ रुपए में)



नोट: BE बजट अनुमान है। 2024-25 के लिए वास्तविक संशोधित अनुमान है। स्रोत: अनुदान की मांग, ग्रामीण विकास विभाग; पीआरएस।

योजना के तहत कार्य की मात्रा को श्रम दिवसों में मापा जाता है।[40] 2020-21 के दौरान उत्पन्न कार्य का कुल श्रम कार्य दिवस 389 करोड़ था।[23] अगले दो वर्षों में इसमें गिरावट देखी गई। 2024-25 में जनवरी 2025 तक उत्पन्न कुल श्रम दिवस 221 करोड़ था।[24] (अनुलग्नक में तालिका 19 देखें।)

रेखाचित्र 6: मनरेगा के जरिए उत्पन्न कार्य दिवस (करोड़ में)



नोट: 2024-25 के आंकड़े जनवरी 2025 तक के हैं। स्रोत: मनरेगा डैशबोर्ड, 22 जनवरी 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

ग्रामीण विकास से संबंधित स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने कोविड-19 महामारी जैसे संकट के दौरान ग्रामीण आबादी को सहायता प्रदान करने में योजना की भूमिका पर गौर किया था।[21] हालांकि आर्थिक सर्वेक्षण (2023-24) में पाया गया कि मनरेगा के तहत काम की मांग को ग्रामीण संकट का वास्तविक संकेतक नहीं माना जा सकता है।[25] यह देखा गया कि योजना के तहत प्रदान किया गया कार्य अलग-अलग राज्यों की संस्थागत क्षमता से जुड़ा हुआ है। योजना के तहत धनराशि की उपलब्धता के लिए राज्यों को आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पहले से बजट बनाने की आवश्यकता है। इसमें ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर योजना, बैठकें और अनुमोदन शामिल हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सभी स्तरों पर प्रशिक्षित श्रमशक्ति वाले राज्य समय पर प्रक्रिया पूरी करते हैं, जिससे योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले कार्य पर असर होता है।[25]

रेखाचित्र 7: काम की मांग करने वाले 90% परिवारों को 2024-25 में मनरेगा के तहत काम मिला



नोट: 2024-25 के आंकड़े, जनवरी 2025 तक के हैं। स्रोत: मनरेगा डैशबोर्ड, 22 जनवरी 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

2023-24 में प्रति परिवार रोजगार के औसत दिनों और 100 दिनों का काम प्राप्त करने वाले परिवारों के प्रतिशत में वृद्धि देखी गई थी।[26] हालांकि 2024-25 में, दोनों संख्या में गिरावट देखी गई, केवल 4% परिवारों को 100 दिन का काम मिला, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 8% था।[24]

रेखाचित्र 8: 2023-24 में प्रति परिवार को दिए गए रोजगार के औसत दिन



स्रोत: मनरेगा डैशबोर्ड, 22 जनवरी 2025 तक के आंकड़े; पीआरएस।

मनरेगा के तहत अपर्याप्त मजदूरी

प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ग्रामीण विकास मंत्रालय विभिन्न राज्यों के लिए मनरेगा श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी दरों को अधिसूचित करता है।[27] हालांकि श्रमिकों को दिया जाने वाला वास्तविक वेतन अक्सर अधिसूचित दर से कम होता है। 2024-25 में (जनवरी 2025 तक) 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में श्रमिकों को मिलने वाली मजदूरी अधिसूचित मजदूरी दर से कम थी।[28]

तालिका 6: चुनिंदा राज्यों में अधिसूचित दैनिक मजदूरी दर और औसत भुगतान के बीच अंतर (रुपए में)

राज्य	अधिसूचित मजदूरी दर	चुकाई गई औसत मजदूरी
राजस्थान	266	211
तेलंगाना	300	245
तमिलनाडु	319	276
अंध्र प्रदेश	300	258
गुजरात	280	252
छत्तीसगढ़	243	227
कर्नाटक	349	333

नोट: औसत वेतन की गणना अप्रैल 2024 और जनवरी 2025 के लिए की गई है। स्रोत: मनरेगा डैशबोर्ड, ग्रामीण विकास मंत्रालय, 22 जनवरी 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

मनरेगा मजदूरी भी राज्यों में अलग-अलग होती है क्योंकि वह कृषि मजदूरों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) से जुड़ी होती है जो राज्यों में भिन्न होता है।[49] सीपीआई-एएल उन परिवारों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव को ट्रैक करता है जिनकी प्राथमिक आय कृषि श्रम से आती है।[29] ग्रामीण विकास से संबंधित स्टैंडिंग कमिटी (2024) का कहना है कि जीवनयापन की बढ़ती लागत को देखते हुए मनरेगा के माध्यम से प्रदान की जाने वाली मजदूरी अपर्याप्त है।[30] वर्तमान में योजना के तहत मजदूरी दर की गणना के लिए वर्ष 2009-10 को आधार वर्ष के रूप में उपयोग किया जाता है। कमिटी ने सुझाव दिया है कि मंत्रालय आधार को संशोधित करने पर विचार करे ताकि मजदूरी निर्धारण में मौजूदा मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को ध्यान में रखा जा सके।

लंबित मजदूरी का सीमित भुगतान

योजना के तहत, श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर और काम पूरा होने के 15 दिनों के भीतर किया जाता है।[34] देर से भुगतान की स्थिति में 16वें दिन के बाद से, मजदूर हर दिन मजदूरी का 0.05% हर्जाना पाने का हकदार है।[34] उदाहरण के लिए, अगर मजदूरी दर 300 रुपए प्रति दिन है, तो देरी के प्रति दिन का हर्जाना 15 पैसे होगा। 2024-25 के लिए श्रमिकों को मिलने वाले लंबित हर्जाने में से 26% का भुगतान जनवरी 2025 तक किया जा चुका था।[31]

तालिका 7: पांच वर्षों में स्वीकृत और भुगतान किए गए हर्जाने का % (रुपए में)

वित्तीय वर्ष	मंजूर राशि	चुकाई गई राशि	भुगतान का %
2020-21	1,38,43,589	1,14,88,940	83%
2021-22	1,78,46,651	1,44,22,191	81%
2022-23	93,61,395	60,75,919	65%
2023-24	54,88,967	13,68,324	25%
2024-25	31,32,118	8,13,364	26%

नोट: 2024-25 के आंकड़े, जनवरी 2025 तक के हैं। स्रोत: लंबित मजदूरी, मनरेगा डैशबोर्ड, एमओआरडी, 22 जनवरी 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

राज्य सरकार मजदूरी में देरी के हर्जाने का भुगतान करने और देरी के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों या एजेंसियों से हर्जाना राशि वसूलने के लिए जिम्मेदार है।[32] कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सत्यापन के बाद हर्जाना राशि को मंजूरी दी जाती है।[34] 2024-25 में जिन दिनों के लिए हर्जाने का दावा किया गया था, उनमें से 95% को हर्जाना देय नहीं होने के कारण खारिज कर दिया गया था।[31] मंत्रालय ने कहा है कि मजदूरी भुगतान में देरी को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जैसे: (i) राज्य सरकारों के साथ नियमित परामर्श, (ii) जमीनी स्तर पर पर आवश्यक जनशक्ति की तैनाती, और (iii) इलेक्ट्रॉनिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम को लागू करना।[33]

उचित सोशल ऑडिट की कमी

एक्ट के अनुसार, ग्राम सभा ग्राम पंचायत के भीतर योजना के तहत कार्यों की निगरानी करके जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है।[19] यह निगरानी सोशल ऑडिट के माध्यम से होती है। राज्यों को स्वतंत्र सोशल ऑडिट इकाइयां स्थापित करनी होती हैं, जो ऑडिट की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए ग्राम सभाओं को रिसोर्स पर्सन्स देती है।[34] ऑडिट के दौरान लाभार्थियों से संबंधित सभी रिकॉर्ड और योजना के तहत किए गए कार्यों का सत्यापन किया जाता है। हालांकि जनवरी 2025 तक 2,68,919 ग्राम पंचायतों में से केवल 56% (1,51,375) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कम से कम एक बार सोशल ऑडिट किए थे।[35]

रेखाचित्र 9: ग्राम पंचायतें जिन्होंने वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार सोशल ऑडिट पूरे किए



नोट: 2024-25 के आंकड़े, जनवरी 2025 तक के हैं।
स्रोत: सोशल ऑडिट कैलेंडर बनाम ऑडिट, मनरेगा डैशबोर्ड, एमओआरडी, 22 जनवरी, 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

राज्य सरकार सोशल ऑडिट के निष्कर्षों के आधार पर सुधारात्मक उपाय करने के लिए जिम्मेदार है। इसमें मजदूरी का भुगतान और योजना के तहत गलत तरीके से उपयोग किए गए धन की वसूली शामिल हो सकती है।[34] 2024-25 में सोशल ऑडिट के दौरान सामने आने वाली समस्याओं में से केवल 5% (7,70,410 में से 37,766) को जनवरी 2025 तक दूर और समाप्त किया गया था।[36] वित्तीय हेराफेरी के मामलों में से, 79% (9.21 लाख में से 7.31 लाख) का फैसला किया गया था।[37] राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (2018) द्वारा सोशल ऑडिट पर एक रिपोर्ट में कहा गया था कि कई राज्यों को सोशल ऑडिट के लिए आवश्यक कर्मचारियों को नियुक्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। राज्य योजना के तहत व्यय का 0.5% सोशल ऑडिट पर खर्च कर सकते हैं।[38] रिपोर्ट में पाया गया कि राज्यों, विशेष रूप से छोटे राज्यों ने उस राशि को अपर्याप्त पाया।[38] रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑडिट को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मंत्रालय को: (i) कैग के साथ ऑडिट की समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए, (ii) फंडिंग में वृद्धि करनी चाहिए, और (iii) राज्यों को बेहतर अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा करने को प्रोत्साहित करना चाहिए।[38]

बेरोजगारी भत्ते के भुगतान में देरी

एक्ट के तहत अगर किसी व्यक्ति को मांग के 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो वह व्यक्ति दैनिक बेरोजगारी भत्ते का हकदार है।[39] राज्य सरकारें निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार हैं: (i) बेरोजगारी भत्ते की दर निर्दिष्ट करना, (ii) भत्ते के भुगतान के लिए नियम बनाना, और (iii) भत्तों के लिए आवश्यक बजटीय प्रावधान करना।[40] हालांकि 2019-20

और 2023-24 के बीच कुल देय बेरोजगारी भत्ते के मुकाबले 10% से कम का भुगतान किया गया।[41]

2024-25 में जनवरी 2025 तक देय बेरोजगारी भत्ते का 24% भुगतान किया जा चुका था।[42] जिन 14 राज्यों में 2024-25 में देय भत्ता था, उनमें से असम, ओड़िशा और उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष में भुगतान किए गए सभी भत्ते शामिल थे। (अनुलग्नक में तालिका 20 देखें।)

तालिका 8: भुगतान योग्य बेरोजगारी भत्ता और वास्तविक भुगतान (रुपए में)

वर्ष	भुगतान योग्य राशि	वास्तविक भुगतान	भुगतान का प्रतिशत
2019-20	30,30,253	31,106	1%
2020-21	58,06,966	2,40,530	4%
2021-22	1,66,30,106	2,63,137	2%
2022-23	89,92,628	10,49,600	12%
2023-24	20,91,940	1,85,798	9%
2024-25	9,08,317	2,21,147	24%

स्रोत: मनरेगा डैशबोर्ड, एमओआरडी, 25 जनवरी, 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

बेरोजगारी भत्ता देने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है।[43] मंत्रालय ने कहा कि वह राज्यों के साथ समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है।

ग्रामीण विकास और पंचायती राज (2022) से संबंधित स्टैंडिंग कमिटी ने भत्तों के भुगतान में देरी और अनियमितताओं पर गौर किया था।[44] कमिटी ने विभाग से नोडल एजेंसी के रूप में भत्तों का उचित भुगतान सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। मंत्रालय ने कहा था कि वह सर्कुलर, एडवाइजरीज़ जारी करता है और केंद्रीय टीमों के निगरानी दौरों के माध्यम से राज्यों पर दबाव बनाता है।[44]

आर्थिक सर्वेक्षण (2023-24) में कहा गया था कि राज्यों की संस्थागत क्षमता इस बात को प्रभावित करती है कि योजना के तहत काम की मांग कैसे दर्ज की जाती है।[25] उसमें कहा गया था कि संभवतः अधिकारी रियल टाइम में काम की मांग दर्ज न करते हों। पोर्टल पर मांगे गए काम के आंकड़े, काम की वास्तविक मांग को न दर्शाते हों। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि इससे राज्यों द्वारा दिए जाने वाले बेरोजगारी भत्ते पर असर पड़ता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)

ग्रामीण आवास की मांग और आपूर्ति में अंतर को दूर करने के लिए 2016 में पीएमएवाई (ग्रामीण) को शुरू किया गया था। इसका लक्ष्य 2022 तक सभी के लिए आवास सुनिश्चित करना है। सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी), 2011 के आधार पर, ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की कमी 4.03 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया था।[45]

पीएमएवाई (जी) का लक्ष्य दो चरणों में ग्रामीण क्षेत्रों में 2.95 करोड़ पक्के मकान बनाने का था।[45] पहले चरण में 2016 से 2019 के बीच एक करोड़ मकान बनाने का लक्ष्य था। दूसरे चरण में 2019 से 2022 के बीच 1.95 करोड़ मकान बनाने का लक्ष्य था।[45] 2022 तक दोनों चरणों के तहत कुल 2.10 करोड़ मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया था। लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्यक्रम को मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया था।[46] अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को 2028-29 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी।[47] ऐसा पिछले चरणों के शेष मकानों को पूरा करने और पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों के निर्माण के लिए किया गया था।[47]

2025-26 के लिए इस योजना को 54,832 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 69% अधिक है। हालांकि 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार, योजना के लिए आवंटित धनराशि का 41% उपयोग नहीं किया गया था। मंत्रालय ने स्टैंडिंग कमिटी (2024) को जानकारी दी थी कि शेष राशि कई कारणों से खर्च नहीं हुई, जैसे: (i) राज्य केंद्रीय और अपना हिस्सा, दोनों वित्तीय वर्ष के अंत में एक साथ जारी करते हैं, और (ii) लंबे समय तक मानसून जैसे मौसमी कारकों से व्यय प्रभावित होता है।[74]

रेखाचित्र 10: पीएमएवाई (जी) के लिए आवंटित धनराशि (करोड़ रुपए में)



नोट: BE बजट अनुमान है। 2024-25 के लिए वास्तविक संशोधित अनुमान है। स्रोत: अनुदान की मांग, ग्रामीण विकास विभाग; पीआरएस।

मकानों के पूरा होने में देरी

3.79 करोड़ मकानों (2024-25 के लक्ष्य सहित) के लक्ष्य के मुकाबले, जनवरी 2025 तक कुल 2.69 करोड़ (71%) मकान पूरे हुए हैं।[48] (पिछले तीन वर्षों के लक्ष्य के मुकाबले पूरे किए गए मकानों के लिए अनुलग्नक में तालिका 21 और तालिका 22 देखें।)

तालिका 9: योजना के तहत वर्ष-दर-वर्ष पूर्ण मकानों की संख्या (लाख में)

	वर्ष	लक्ष्य	पूर्ण	पूर्णता की दर
चरण I	2016-17	42	0.02	0.05%
	2017-18	32	38	121%
	2018-19	25	45	179%
चरण II	2019-20	56	21	38%
	2020-21	42	34	82%
	2021-22	67	42	64%
	2022-23	23	56	242%
	2023-24	9	26	298%
	2024-25	84	4	5%

स्रोत: पीएमएवाई (जी) डैशबोर्ड, 22 जनवरी एक्सेस; पीआरएस।

मंत्रालय ने मकानों के पूरा होने में देरी के कई कारण बताए हैं, जिनमें निम्न शामिल हैं: (i) लाभार्थियों की अनिच्छा, (ii) लाभार्थियों के पास जमीन की कमी, (iii) लाभार्थियों द्वारा धन का दुरुपयोग, (iv) कानूनी उत्तराधिकारी के बिना लाभार्थियों की मृत्यु, और (v) स्थायी प्रवास।[74] योजना के तहत अगर किसी लाभार्थी के पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं है तो जमीन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। दिसंबर 2024 तक लगभग 2.12 लाख लाभार्थी योजना के तहत मकान बनाने के लिए भूमि या सहायता का इंतजार कर रहे थे।[74] स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने सुझाव दिया था कि मंत्रालय इन लाभार्थियों के लिए भूमि सुनिश्चित करने और बहुमंजिला आवास जैसे समाधान तलाशने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करे।[49] असम, बिहार, महाराष्ट्र और ओड़िशा में ऐसी योजनाएं हैं जो भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं।[74]

रेखाचित्र 11: पीएमएवाई-जी के तहत लक्ष्य के मुकाबले पूर्ण मकानों का अनुपात (जनवरी 2025 तक)



नोट: तेलंगाना और पूद्दूचेरी में पीएमएवाई-ग्रामीण योजना लागू नहीं है। इसमें 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य शामिल हैं। स्रोत: पीएमएवाई-जी डैशबोर्ड, 31 जनवरी 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

कार्यान्वयन और निगरानी

योजना के तहत, मैदानी इलाकों में रहने वाले लाभार्थियों को 1.2 लाख रुपए मिलते हैं, और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को 1.3 लाख रुपए प्रति इकाई सहायता मिलती है।[49] यह राशि तीन से चार किस्तों में हस्तांतरित की जाती है जो मकान के निर्माण के विभिन्न चरणों से जुड़ी होती हैं। राज्यों में योजना के कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) के ऑडिट में कार्यान्वयन और निगरानी से संबंधित कुछ मुद्दे सामने आए हैं। 2021 में मध्य प्रदेश में एक ऑडिट में पाया गया था कि पहली किस्त केवल 33% लाभार्थियों के लिए निर्धारित समय के भीतर जारी की गई थी।[50] कार्यान्वयन की संरचना के अनुसार, पहली किस्त मकान की मंजूरी के 15 दिनों के भीतर जारी की जानी चाहिए। 52% लाभार्थियों को छह महीने देर से किस्त जारी की गई थी। ओड़िशा (2021) में एक ऑडिट में पाया गया कि 43% सर्वेक्षण किए गए मकान (647 में से 277), जिन्हें पूरा दिखाया गया था, सत्यापन के दौरान अधूरे पाए गए।[51] 2022 में तमिलनाडु में एक ऑडिट में पाया गया कि: (i) रिकॉर्ड्स में मकान पूरा होने के चरण गलत तरीके से दिखाए गए थे, (ii) अलग-अलग लाभार्थियों के लिए एक ही मकान के फोटोग्राफ अपलोड किए जा रहे हैं, और (iii) निर्माण के विभिन्न चरणों के लिए अलग-अलग मकानों की तस्वीरें अपलोड की जा रही हैं।[52]

अगर कोई लाभार्थी योजना के माध्यम से प्रदान की गई राशि से अधिक खर्च करना चाहता है, तो वह वित्तीय संस्थानों से 3% की ब्याज सबसिडी के साथ 70,000 रुपए तक का गृह ऋण प्राप्त कर सकता है।[45] मध्य प्रदेश, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में योजना के 2018 के प्रभाव मूल्यांकन में पाया गया कि 80% लाभार्थियों ने मकान बनाने के लिए अतिरिक्त धन का निवेश किया।[53] हालांकि उनमें से 54% ने बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर से और 18% ने दोस्तों और रिश्तेदारों से पैसा उधार लिया। 5% से भी कम परिवारों ने सूक्ष्म वित्त संस्थानों या राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से वित्तपोषण का लाभ उठाया था। स्टैंडिंग कमिटी (2024) ने सुझाव दिया था कि विभाग बिल्डिंग मैटीरियल की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए योजना के तहत प्रति इकाई सहायता बढ़ाए।[74] 2023 में कमिटी ने मंत्रालय को योजना के तहत लाभार्थियों का उचित सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए उपाय अपनाने का भी सुझाव दिया था।[49]

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में खराब कनेक्टिविटी को खत्म करने के लिए 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) शुरू की थी।[54] यह योजना सभी पात्र ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में सड़क संपर्क प्रदान करने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। 2025-26 में इसे 19,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 31% अधिक है।

रेखाचित्र 12: पीएमजीएसवाई के तहत आवंटित और उपयोग धनराशि (करोड़ रुपए में)



नोट: BE बजट अनुमान है। 2024-25 के लिए वास्तविक संशोधित अनुमान है। स्रोत: ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांग; पीआरएस।

पीएमजीएसवाई के पांच वर्टिकल हैं।[55,56] पहले वर्टिकल में मैदानी इलाकों में 500 से अधिक लोगों और उत्तर पूर्वी और पहाड़ी क्षेत्रों में 250 से अधिक लोगों की आबादी वाली बस्तियों को सड़क संपर्क प्रदान करने का लक्ष्य है। दूसरे वर्टिकल का लक्ष्य 50,000 किमी सड़कों को अपग्रेड करना है जो रूट्स से होकर गुजरती हैं और प्रमुख लिंक के रूप में कार्य करती हैं। 2019 में तीसरा वर्टिकल शुरू किया गया था। इस लक्ष्य बाजारों और शहरी केंद्रों को जोड़ने वाले 1.2 लाख किमी सड़क मार्गों को समेकित करने का लक्ष्य है।[55] वामपंथी अतिवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क कनेक्टिविटी परियोजना (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) को 2016 में एक अलग वर्टिकल के रूप में शुरू किया गया था और इसे मार्च 2023 तक लागू किया जाना था।[57] मंत्रालय पीएम-जनमन के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों द्वारा बसे क्षेत्रों में सड़क निर्माण भी करता है।[58]

जनवरी 2025 तक योजना के तहत स्वीकृत 8,33,604 किमी सड़क में से 93% सड़कें पूरी हो चुकी हैं।[59] (रेखाचित्र 13) इसी प्रकार, 1.84 लाख पात्र बस्तियों में से 1.61 लाख (88%) को कवर किया गया है।[59] सितंबर 2024 में सरकार ने 62,500 किमी सड़कों के निर्माण के उद्देश्य से पीएमजीएसवाई-IV शुरू किया।[60] यह योजना 2024-25 और 2028-29 के बीच लागू की जाएगी और 25,000 बस्तियों को जोड़ेगी।

तालिका 10: पीएमजीएसवाई के विभिन्न कार्यक्षेत्रों के तहत स्वीकृत और पूर्ण सड़क की लंबाई (किमी में)

खंड	स्वीकृत	पूर्ण	पूर्णता की दर
पीएमजीएसवाई I	6,44,872	6,24,622	97%
पीएमजीएसवाई II	49,795	49,026	98%
पीएमजीएसवाई III	1,21,928	88,068	72%
आरसीपीएलडब्ल्यूईए	12,228	9,334	76%
जनमन	4,781	40	1%
कुल	**8,33,604**	**7,71,090**	**93%**

स्रोत: पीएमजीएसवाई डैशबोर्ड, एमओआरडी, 13 जनवरी 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

तीसरे वर्टिकल, आरसीपीएलडब्ल्यूईए और पीएम-जनमन के लिए पूर्णता दर कम रही है। विभाग ने लक्ष्यों को प्राप्त करने में देरी के कई कारण बताए हैं, जैसे, (i) वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में कठिन इलाके और कानून व्यवस्था के मुद्दे, (ii) लॉजिस्टिक्स और इनपुट की आपूर्ति के प्रबंधन में चुनौतियां, और (iii) राज्यों द्वारा धनराशि जारी करने में देरी क्योंकि कार्यान्वयन उनके दायरे में है।[61] स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने विभाग से आग्रह किया था कि वह सभी क्षेत्रों में कार्य पूरा करने को प्राथमिकता दे और समय-समय पर अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से राज्यों के साथ समन्वय करे।[61] कमिटी (2024) ने कहा था कि कई मामलों में सड़कें केवल बस्तियों के बाहरी इलाकों तक ही पहुंचती हैं।[74] उसने मंत्रालय से यह सुनिश्चित

करने का आग्रह किया था कि सड़कें उन हिस्सों तक पहुंचे जहां अधिकांश आबादी रहती है।

सड़कों का रखरखाव

ग्रामीण सड़कों का निर्माण करने वाले ठेकेदार, निर्माण पूरा होने के बाद पांच वर्षों तक रखरखाव के लिए जिम्मेदार होते हैं।[62] इस अवधि के बाद सड़क रखरखाव की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होती है। योजना के तहत सड़कों का गुणवत्ता निगरानी, काम पूरा होने के दौरान और उसके बाद, तीन स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली के जरिए की जाती है।[63] इसमें निम्नलिखित शामिल हैं: (i) ठेकेदार और परियोजना कार्यान्वयन इकाई के कर्मचारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर निरीक्षण, (ii) राज्य गुणवत्ता निरीक्षकों द्वारा स्वतंत्र आवधिक गुणवत्ता जांच, और (iii) राष्ट्रीय गुणवत्ता निरीक्षकों द्वारा चयनित कार्यों का निरीक्षण।[63] मार्च 2024 और जनवरी 2025 के बीच राष्ट्रीय गुणवत्ता निरीक्षकों द्वारा रखरखाव कार्य के निरीक्षण के दौरान 21% सड़कें (1,228 में से 257) असंतोषजनक पाई गईं।[64] इसी अवधि में राज्य गुणवत्ता निरीक्षकों द्वारा रखरखाव कार्य के निरीक्षण के दौरान 18% सड़कें (13,824 में से 2,423) असंतोषजनक पाई गईं।[65]

रेखाचित्र 13: जनवरी 2025 तक पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत सड़कों के पूर्ण होने का प्रतिशत



नोट: पीएमजीएसवाई-I, पीएमजीएसवाई-II, पीएमजीएसवाई-III और आरसीपीएलडब्ल्यूईए के लिए कवर किए गए आंकड़े। स्रोत: पीएमजीएसवाई ऑनलाइन मैनेजमेंट, मॉनिटरिंग और एकाउंटिंग सिस्टम, एमओआरडी, 13 जनवरी, 2025 को एक्सेस; पीआरएस।

निर्माण के बाद के रखरखाव की निगरानी के लिए मंत्रालय द्वारा eMARG मॉड्यूल लागू किया जा रहा है।[61] इस मॉड्यूल ने निगरानी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया है।[66] सड़क रखरखाव के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों को eMARG पोर्टल पर पंजीकरण कराना होता है।[67] रखरखाव कार्य के बिल ऑनलाइन जनरेट होते हैं। निरीक्षण एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जाता है और सड़क के फोटोग्राफ जियो-टैगिंग के साथ अपलोड किए जाते हैं। रखरखाव की गुणवत्ता के आधार पर ठेकेदार के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है। उस मूल्यांकन के आधार पर ठेकेदार को भुगतान किया जाता है।[67] बिलों को डिजिटल रूप से प्रोसेस और पोर्टल के माध्यम से भुगतान किया जाता है।

यह प्रक्रिया रखरखाव कार्य की गुणवत्ता पर भुगतान को सशर्त बनाती है। पहले, ठेकेदार को भुगतान इनपुट की लागत के आधार पर किया जाता था।[67] हालांकि eMARG में मुख्य रूप से निर्माण के बाद के शुरुआती पांच वर्ष की दोष दायित्व अवधि (डीएलपी) आती है।[66] जनवरी 2025 तक eMARG ने अप्रैल 2020 में स्थापना के बाद से डीएलपी के तहत आने वाली कुल 3,36,143 किमी सड़कों को कवर किया है।[68] डीएलपी के बाद की अवधि के तहत केवल 96,292 किमी की सड़कें अगस्त 2024 तक कवर की गई हैं।[67]

15वें वित्त आयोग ने सड़कों के रखरखाव में अंतर-राज्यीय असमानताओं पर गौर किया।[69] उसने मंत्रालय को अंतर-राज्यीय अंतराल को दूर का सुझाव दिया था और कहा था कि राज्य एक-दूसरे से सीखें। एक सुझाव यह था कि सड़क रखरखाव के लिए राज्यों को धन उपलब्ध कराया जाए। स्टैंडिंग कमिटी (2023) ने भी इसी सुझाव को दोहराया था।[49] वर्तमान में सड़क रखरखाव कार्य के लिए बजट बनाने की जिम्मेदारी राज्यों की है। पीएमजीएसवाई-III के तहत, किसी राज्य में योजना शुरू करने से पहले राज्य को कार्यक्रम दिशानिर्देशों के अनुसार मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने होते हैं।[70] इससे यह सुनिश्चित होता है कि राज्य निर्माण के बाद 10 वर्ष के नियमित रखरखाव के लिए धनराशि का आवंटन करेगा जिसमें जरूरी होने पर, सड़कों के नवीनीकरण की धनराशि भी शामिल होती है।

तालिका 11: सड़क रखरखाव में सुधार के लिए विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाए गए मॉडल

राज्य	स्वीकृत मॉडल
छत्तीसगढ़, राजस्थान	कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ जोनल मेनटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट्स पर हस्ताक्षर
उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड	सड़क रखरखाव के लिए एसएचजी को जिम्मेदार
मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान	सड़क रखरखाव के लिए मंडी उपकर का उपयोग किया जाता है

स्रोत: 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट, खंड III; पीआरएस।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) का उद्देश्य गरीब परिवारों को वित्त और रोजगार के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को कम करना है।[71] यह योजना स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से परिवारों को एकजुट करने और ऋण और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने का प्रयास करती है। सामुदायिक संसाधनों को मजबूत करने के लिए सरकार निम्नलिखित का एक बार का प्रावधान करती है: (i) प्रति एसएचजी 20,000 रुपए से 30,000 रुपए का रिवॉल्विंग फंड, और (ii) एसएचजी फेडरेशन के माध्यम से 2.50 लाख रुपए तक का सामुदायिक निवेश फंड।[72] एसएचजी-बैंक लिंकिंग कार्यक्रम के तहत यह ब्याज छूट के माध्यम से एसएचजी के लिए ऋण पहुंच की सुविधा प्रदान करता है। 2025-26 में इस योजना के लिए 19,005 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 26% अधिक है।

रेखाचित्र 14: एनआरएलएम के तहत बजट उपयोग (करोड़ रुपए में)



नोट: 2023-24 के लिए वास्तविक संशोधित अनुमान है। स्रोत: ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांग; पीआरएस।

जनवरी 2025 तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों की भागीदारी के साथ, कार्यक्रम के तहत संचयी रूप से 91,75,483 एसएचजी को बढ़ावा दिया गया था।[73] दिसंबर 2024 तक वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 21,94,755 एसएचजी को ऋण के रूप में 51,697 करोड़ रुपए वितरित किए गए थे।[74] (एसएचजी की राज्यवार संख्या के लिए अनुलग्नक की तालिका 23 देखें।)

रेखाचित्र 15: 2024-25 में एनआरएलएम के तहत एसएचजी को वितरित ऋण की औसत राशि (लाख रुपए में)



स्रोत: ग्रामीण विकास से संबंधित स्टैंडिंग कमिटी की पहली रिपोर्ट, 18वीं लोकसभा, 12 दिसंबर, 2024; पीआरएस।

भारत में लघु वित्त पर नाबार्ड की स्टेटस रिपोर्ट (2023-24) में कहा गया है कि देश के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों ने अन्य क्षेत्रों की तुलना में एसएचजी को अधिक मात्रा में ऋण वितरित किए।[75] रिपोर्ट में कहा गया कि स्मॉल-टिकट ऋणों से जुड़ी उच्च परिचालन लागत और यह धारणा कि एसएचजी उच्च जोखिम वाले उधारकर्ता होते हैं (ऋण उपयोग से संबंधित चिंताओं के कारण), वित्तीय संस्थान ऋण देने से हिचकिचा सकते हैं। उसने यह भी कहा कि एसएचजी सदस्यों में अपर्याप्त वित्तीय साक्षरता और व्यावसायिक कौशल की कमी, उन्हें उच्च ऋण प्राप्त करने और आय सृजन गतिविधियों को आगे बढ़ाने से रोक सकती है।[75]

मंत्रालय ने कहा है कि वह बैंक अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए पहल करता है और एसएचजी सदस्यों को प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता प्रदान की जाती है।[78] 2022 में उसने कहा था कि एसएचजी की ऋण चुकौती दर लगभग 98% है।[76] नाबार्ड रिपोर्ट में कहा गया कि एसएचजी के लिए बकाया ऋण में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स की हिस्सेदारी 2021-22 में 4% से घटकर 2023-24 में 2% हो गई।[75] उसने कहा कि यह प्रवृत्ति परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार और ऋण पुनर्भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में बैंकों के

प्रयासों को इंगित करती है।[75] इसके अलावा कार्यक्रम के तहत, बेहतर संस्थागत और वित्तीय प्रबंधन क्षमता के लिए एसएचजी को ग्राम संगठनों और क्लस्टर स्तर के संगठनों में संगठित किया जाता है।[77]

मंत्रालय के अनुसार, 2019 में कार्यक्रम पर एक मूल्यांकन अध्ययन से पता चला कि: (i) एसएचजी द्वारा लिए गए 44% ऋण का उपयोग कृषि गतिविधियों के लिए किया जाता है, (ii) 25% ऋण का उपयोग गाय, भैंस, बकरियों की खरीद और पशुधन से अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए किया जाता है, और (iii) 31% ऋण का उपयोग उपभोग, स्वास्थ्य और आवास के लिए किया जाता है।[78] अध्ययन में कहा गया है कि एसएचजी संस्थानों में भागीदारी का घरेलू आय, बचत और महिलाओं की श्रम बल भागीदारी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।[78]

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना

एनआरएलएम के तहत, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों के युवाओं को प्लेसमेंट से जुड़ा कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। हालांकि कार्यक्रम के तहत बनाए गए 2,369 प्रशिक्षण केंद्रों में से, जुलाई 2024 तक, 629 (26%) चालू थे।[74] 2016 और 2024 के बीच कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित 13,95,000 लोगों में से 9,53,000 (68%) को नौकरियां मिल गई थीं।[74] योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, कार्यक्रम को कम से कम 70% प्रशिक्षित उम्मीदवारों की गारंटीकृत नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।[79]

रेखाचित्र 16: योजना के तहत प्रशिक्षित और नियोजित व्यक्तियों की संख्या (हजारों में)



नोट: 2020 और 2021 में महामारी के कारण प्रशिक्षण केंद्र बंद कर दिए गए थे। स्रोत: ग्रामीण विकास से संबंधित स्टैंडिंग कमिटी की पहली रिपोर्ट, 18वीं लोकसभा, 12 दिसंबर, 2024; पीआरएस।

भारत में कौशल विकास पहल से संबंधित एक रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (2020) ने कहा था कि स्कूली शिक्षा की खराब गुणवत्ता के कारण, कई प्रशिक्षु कम मूलभूत कौशल के साथ कौशल केंद्रों में प्रवेश करते हैं।[80] रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि प्रशिक्षण प्रदाताओं के पास अक्सर नए उपकरण, प्रशिक्षण विधियां और अपडेटेड पाठ्यक्रम नहीं होते हैं।[80] योजना के तहत, प्रशिक्षण अवधि के दौरान वित्तीय सहायता के अलावा, सरकार नौकरी बहाल रखने के लिए प्रवासन केंद्रों और एल्यूमनाई नेटवर्क के जरिए प्रशिक्षुओं की मदद करती है। मंत्रालय के अनुसार, योजना में संशोधन किया जा रहा है ताकि उम्मीदवारों का कौशल उन्नयन किया जा सके और न्यूनतम प्लेसमेंट अवधि को बढ़ाया जा सके।[81]

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को 1995 में निराश्रित, वृद्ध, बीमार या विकलांग नागरिकों को सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।[82] इसमें पांच उप-योजनाएं शामिल हैं, (i) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (आईजीएनओएपीएस), (ii) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस), (iii) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस), (iv) राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, और (v) अन्नपूर्णा योजना। यह योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैली हुई है, और राज्यों द्वारा कार्यान्वित की जाती है।

इस योजना को पिछले वित्त वर्ष के संशोधित आवंटन के समान, 2025-26 में 9,652 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। आवंटन में वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए 6,646 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए 659 करोड़ रुपए, विधवा पेंशन योजना के लिए 2,027 रुपए, विकलांगता पेंशन योजना के लिए 290 करोड़ रुपए और अन्नपूर्णा योजना के लिए 10 करोड़ रुपए दिए गए हैं। 2020-21 में योजना के तहत अतिरिक्त आवंटन कोविड-19 महामारी के दौरान महिलाओं, वृद्ध लोगों और विधवाओं को विशेष हस्तांतरण के कारण था।[83]

तालिका 12: एनएसएपी के तहत धनराशि उपयोग (करोड़ रुपए में)

वर्ष	बजट अनुमान	वास्तविक	% उपयोग
2015-16	9,074	8,616	95%
2016-17	9,500	8,854	93%
2017-18	9,500	8,694	92%
2018-19	9,975	8,418	84%
2019-20	9,200	8,692	94%
2020-21	9,197	42,443	461%
2021-22	9,200	8,152	89%
2022-23	9,652	9,651	100%
2023-24	9,636	9,476	98%
2024-25	9,652	9,652	100%
2025-26	9,652		

नोट: 2024-25 के लिए वास्तविक संशोधित अनुमान है। स्रोत: ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांगें; पीआरएस।

आईजीएनओएपीएस के तहत, गरीबी रेखा से नीचे के वरिष्ठ नागरिक 79 वर्ष की आयु तक 200 रुपए और उसके बाद 500 रुपए की मासिक पेंशन के हकदार हैं। जीवनयापन की बढ़ती लागत को देखते हुए संसद सदस्यों ने योजना के माध्यम से मासिक सहायता बढ़ाने का मुद्दा उठाया है।[84] सहायता राशि बढ़ाने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने स्वयं के संसाधनों से केंद्र द्वारा प्रदान की गई राशि में कुछ अतिरिक्त राशि जोड़ी है।[85] यह 50 रुपए से लेकर 3,200 रुपए तक है।

ग्रामीण विकास से संबंधित स्टैंडिंग कमिटी (2024) ने विभाग से धनराशि बढ़ाने का आग्रह किया था।[74] 15वें वित्त आयोग ने सुझाव दिया था कि राज्य देश भर में सामाजिक सुरक्षा पर खर्च की जाने वाली न्यूनतम मानकीकृत वार्षिक प्रति व्यक्ति राशि तय करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय के साथ समन्वय करें। कमिटी ने राज्यों से लाभार्थियों की सूची को सत्यापित और अपडेट करने के लिए वार्षिक ऑडिट करने का भी आग्रह किया था।[86]

2023 में योजना के कैग ऑडिट में कई राज्यों में धनराशि के वितरण में विलंब देखा गया।[87] राज्य के राजकोष से कार्यान्वयन एजेंसियों को धनराशि हस्तांतरण में देरी के परिणामस्वरूप लाभार्थियों को मासिक पेंशन का वितरण नहीं हुआ। हालांकि एनएसएपी को मासिक भुगतान पेंशन माना जाता है, चार राज्य त्रैमासिक आधार पर पेंशन वितरित कर रहे थे, दो राज्य सालाना पेंशन वितरित कर रहे थे और 17 राज्य तदर्थ आधार पर धन वितरित कर रहे थे।

तालिका 13: राज्य के राजकोष से कार्यान्वयन विभाग को धनराशि हस्तांतरण में देरी

राज्य/यूटी	विलंब की अवधि
अरुणाचल प्रदेश	251 से 265 दिन
तमिलनाडु	117 से 287 दिन
महाराष्ट्र	39 से 189 दिन
सिक्किम	60 से 990 दिन
पंजाब	36 से 139 दिन

स्रोत: 2023 की रिपोर्ट संख्या 10, कैग; पीआरएस।

भूमि संसाधन विभाग

भूमि संसाधन विभाग का लक्ष्य वर्षा सिंचित और बंजर भूमि का सतत विकास सुनिश्चित करना और एक आधुनिक भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली लागू करना है।[88]

वित्तीय स्थिति

तालिका 14: भूमि संसाधन विभाग को बजटीय आवंटन (करोड़ रुपए में)

मद	23-24 वास्तविक	24-25 संअ	25-26 बअ	% परिवर्तन
पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी	1,565	1,800	2,505	39%
डीआईएलआरएमपी	124	141	120	-15%
सचिवालय	22	25	26	4%
कुल	**1,711**	**1,966**	**2,651**	**35%**

नोट: बअ बजट अनुमान है, संअ संशोधित अनुमान है; % परिवर्तन 2023-24 संअ की तुलना में 2024-25 बअ की % वृद्धि को दर्शाता है; पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- वॉटरशेड विकास घटक और डीआईएलआरएमपी डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम। स्रोत: भूमि संसाधन विभाग की अनुदान मांगें, 2025-26; पीआरएस।

2025-26 में विभाग को 2,651 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से 35% अधिक है। 2013-14 के बाद से विभाग द्वारा वास्तविक खर्च लगातार बजटीय अनुमान से कम रहा है। 2024-25 में संशोधित स्थिति में विभाग की धनराशि का 74% उपयोग किया गया था।

रेखाचित्र 17: भूमि संसाधन विभाग द्वारा बजटीय आवंटन का उपयोग (करोड़ रुपए में)



नोट: बअ बजट अनुमान हैं। 2024-25 के लिए संशोधित अनुमान वास्तविक के रूप में उपयोग किया गया है। स्रोत: भूमि संसाधन विभाग के लिए अनुदान मांग; पीआरएस।

विभाग के तहत प्रमुख योजनाएं

विभाग दो प्रमुख योजनाएं लागू करता है: प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- वॉटरशेड विकास घटक (पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी) और डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी)। भूमि रिकॉर्ड के प्रबंधन को आधुनिक बनाने के लिए 2016 में राष्ट्रीय भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम को डीआईएलआरएमपी के रूप में नया रूप दिया गया।[89] योजना का उद्देश्य भूमि रिकॉर्ड के बारे में व्यापक जानकारी तक पहुंच प्रदान करना है, जिससे (i) भूमि संसाधनों का इष्टतम उपयोग होगा, (ii) भूमि विवादों की संख्या में कमी होगी, और (iii) भूमि राजस्व का कुशल संग्रह होगा। पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी को वर्षा सिंचित और बंजर भूमि की उत्पादक क्षमता में सुधार के लिए लागू किया जा रहा है।[90] 2025-26 में विभाग के आवंटन में पीएमकेएसवाई-डब्ल्यूडीसी विभाग का हिस्सा 94% है।

